आकाशवाणी शिमला

16.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रचार भाजपा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में एक जून को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भाजपा व कांग्रेस सहित निर्दलीय और अन्य पार्टियों के नेता अपने—अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बिलासपुर ज़िले के विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास व विरासत दोनों को साथ लेकर चल रही है जबकि कांग्रेस और विपक्षी दल सनातन के विरोध में खड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस पर क्षेत्रवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण व वोट बैंक की पॉलिटिक्स सबसे अहम है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल के विकास के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया है और प्रदेश में भाजपा सभी चार की चार और देश में 4 सौ सीटें जीतेगी। वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज नाहन में जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज नई ऊंचाईयों को छू रहा है जिससे भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

सुरेश कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में अनेक ऐसी योजनाओं की शुरूआत की है जिसका लाभ समाज के गरीब वर्गों को हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से कारीगरों और शिल्पकारों को लाभ मिला है। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हैं और स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को उपहार में देकर भारतीय हस्तकला के अंतर्राष्ट्रीय एम्बेसडर बन गए हैं।

प्रचार कांग्रेस

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लगातार झूठ का सहारा लेकर लोगों में नफरत फैलाने का काम कर रही है। चंबा ज़िले के डलहौजी में आज पत्रकारों से बातचीत में आनंद शर्मा ने कहा कि भाजपा ने 2014 से लगातार 10 साल केन्द्र में राज किया लेकिन विकास के मुद्दों पर पार्टी नेता कोई बात नहीं करते है। आनंद शर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता भाजपा से दूरी बना रही है और इसके नतीजे 4 जून को देखने को मिलेंगे। इधर मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने आज बंजार व मनाली विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर बड़ी—बड़ी बातें करती हैं पर उस पर अमल नहीं करती। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में देव संस्कृति के संरक्षण में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश सहित मंडी के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

नियुक्ति

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत ज़िला कांग्रेस कमेटी शिमला शहरी और शिमला ग्रामीण के लिए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। आनंद कौशल को शिमला शहरी कांग्रेस कमेटी जबकि विजय चौहान को शिमला ग्रामीण का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।

हमीरपुर मतदाता

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत मतदाता सूचियों में 15 मई तक दर्ज मतदाताओं की कुल संख्या 14 लाख 32 हज़ार 6 सौ 36 है, जिनमें 7 लाख 15 हज़ार 6 सौ 81 पुरुष, 7 लाख 16 हज़ार 9 सौ 40 महिलाएं, 15 हज़ार 5 सौ 14 दिव्यांग और 15 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इनके अलावा क्षेत्र में सर्विस वोटर्स की कुल संख्या 23 हज़ार 4 सौ 55 है। इनमें महिला सर्विस वोटर्स की संख्या केवल 5 सौ 96 है। हमीरपुर ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि 15 मई तक के आंकड़ों के अनुसार सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों में 18 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के नए युवा मतदाताओं की संख्या 43 हज़ार 34 है जबकि, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 18 हज़ार एक सौ 72 है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश आगे बढ़ रहा है वहीं हिमाचल प्रदेश भी तेज़ गति से आगे बढ़ता हुआ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया के बाद चुनाव की तस्वीर साफ हो चली है और लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों की जीत तय है। बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल में हिमाचल में विकास ठप हो गया है और सरकार की नाकामी जनता के सामने आ चुकी है।